Std- III (Hindi Lit.)

## प्रखर की बुद्धिमानी

शब्दार्थ

शरारती - नटखट

ठहाका -- ज़ोर से हँसना

परिचय -- पहचान

अहंकारी - घमंडी

आश्चर्यचकित - हैरान

उत्साह -- जोश

दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:-

प्रश्न.1:- प्रखर विद्यालय के अंदर जाने से क्यों डर रहा था?

उत्तर:- प्रखर का आज नए विद्यालय में पहला दिन था, इसलिए वह विद्यालय के अंदर जाने से डर रहा था।

प्रश्न.2:- मृदुल ने प्रखर की क्या मदद की?

उत्तर :- मृदुल ने प्रखर के भीग जाने पर उसे अपनी कमीज़ देकर मदद की।

प्रश्न.3:- प्रखर अनिकेत के घर क्यों पहुँचा?

उत्तर:- अनिकेत के पापा की जीप में बम लगाने वाले ख़तरनाक आदमी के बारे में बताने के लिए प्रखर अनिकेत के घर पहुँचा।

प्रश्न.4:- प्रखर के माता-पिता क्यों खुश हुए?

उत्तर :- प्रखर के अच्छे कामों के बारे में अख़बारों तथा सभी जगहों पर चर्चा हुई, इसलिए प्रखर के माता-पिता खुश हुए।

प्रश्न.5:- अनिकेत ने क्या शरारत की?

उत्तर  :- प्रखर जब विद्यालय के बाहर वाली सीढ़ियों पर बैठा था, तब अनिकेत ने पीछे से आकर प्रखर के ऊपर बोतल का सारा पानी उँडेल दिया।

प्रश्न.6:- माँ ने प्रखर को क्या समझाया?

उत्तर:- माँ ने प्रखर को समझाया कि आज उसका विद्यालय में पहला दिन था, इसलिए उसे विद्यालय अच्छा नहीं लगा।

प्रश्न.7:- प्रखर ने अनिकेत के घर के बाहर क्या देखा?

उत्तर:- प्रखर ने अनिकेत के घर के बाहर देखा कि एक ख़तरनाक आदमी उसके पापा की जीप में बम लगा रहा था।

प्रश्न.8:- अनिकेत ने प्रखर से क्यों माफ़ी माँगी?

उत्तर :- अनिकेत ने अपने द्वारा किए गए गलत व्यवहार के लिए प्रखर से माफ़ी माँगी।

भाषा संसार-

बहुवचन रूप लिखें:-

घंटी  --  घंटियाँ

सीढ़ी  --  सीढ़ियाँ

कुर्सी  --  कुर्सियाँ

बोतल  --  बोतलें

दुकान  --  दुकानें

साइकिल  --  साइकिलें

दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए:-

1. नौ दो ग्यारह होना–भाग जाना :- चोर पुलिस को देखकर नौ दो ग्यारह हो गए।

2. फूला न समाना - बहुत खुश होना :- मोहन परीक्षा में अच्छे अंक से पास होने पर फूला नहीं समाया।

3. आँखों का तारा होना - बहुत प्यारा होना :- सभी माता-पिता के लिए उनके बच्चे, उनकी आँखों का तारा होते हैं।

4. पेट में चूहे कूदना - बहुत भूख लगना :- माँ मुझे जल्दी से खाना दो, मेरे पेट में चूहे कूद रहे हैं।